जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर, दमोह (म.प्र.)

पत्र कमांक–485/पीएलव्ही./जिविसेप्रा/2024 दमोह दिनांक–05.07.2024

पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समाज के कमजोर, पिछड़े तथा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता व सलाह प्रदान किये जाने, लीगल एड क्लीनिक में कार्य सम्पादन करने एवं नालसा व सालसा की योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स की नियुक्ति की जा रही है नियुक्त किये जाने वाले पैरालीगल वालेंटियर्स की संख्या निम्नानुसार है:–

कमांक	जिला मुख्यालय/तहसील का नाम	पैरालीगल वालेंटियर की संख्या
1	जिला मुख्यालय दमोह हेतु	21
2	तहसील विधिक सेवा समिति हटा हेतु	05
3	तहसील विधिक सेवा समिति पथरिया हेतु	03
4	तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा हेतु	03

पैरालीगल वालेंटियर्स हेतु निम्नानुसार पात्रता होना आवश्यक है–

1. पैरालीगल वालेन्टियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिए कोई वेतन/मजदूरी देय नहीं है। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय–समय पर पैरालीगल वालेन्टियर को निर्धारित मानदेय देय होगा।
2. आयु सीमा न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह स्वस्थ्य हो और उसमें किसी भी प्रकार का ऐसा कोई शारीरिक व मानसिक दोष ना हों, जो उसे कार्य करने के लिए अक्षम बनाता हो।
3. आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज न हो।
4. शैक्षणिक योग्यता– कम से कम 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।
5. निम्न श्रेणी के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी–शिक्षक (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल है), रिटायर्ड सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक, एम.एस.डब्ल्यू विद्यार्थी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, विधि के विद्यार्थी, एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य जो गरीब तबके के लिए कार्य करते हों, महिला समूहो, मैत्रीसंघो एवं स्व–सहायता समूहों के सदस्य एवं दमोह का स्थायी निवासी हो।
6. आवेदक नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर, दो पासपोर्ट साईज फोटो व आवेदन में उल्लेखित स्वप्रमाणित आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर **दिनांक 18.07.2024 सांय 04:00 बजे** तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. आवेदक आवेदन का प्रारूप एवं अन्य शर्तो की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह व तहसील विधिक सेवा समिति हटा,पथरिया व तेंदूखेड़ा से प्राप्त कर सकते है।

जिला न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
दमोह म.प्र.

Scanned with CamScanner

"पैरालीगल वालेंटियर की नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र"

प्रति,

श्रीमान् जिला न्यायाधीश/सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
दमोह म.प्र.

Recent Photo

महोदय,

सादर निवेदन है कि मैं प्रार्थी/प्रार्थिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह द्वारा संचालित पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना से जुड़कर पैरालीगल वालेन्टियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मै विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वेच्छया अपना समय योगदान एवं सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूं। मेरी व्यक्तिगत जानकारी इस प्रकार से है–

1. पूरा नाम :..
2. पिता/पति का नाम :..
3. उम्र, जाति एवं धर्म :..
4. व्यवसाय (वर्तमान) :..
5. प्राप्त शिक्षा एवं अन्य योग्यता :..
6. वर्तमान कक्षा व महाविद्यालय :..
7. सामाजिक कार्यानुभव :..
8. विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य :..
....
9. स्थायी निवास का पूरा पता :..
....
जिला.......................म.प्र. पिन–...................................
10. पत्राचार का पूरा पता :..
जिला.......................म.प्र. पिन–...................................
11. दूरभाष नंबर/मोबाईल नं. :.................................(whatsapp)..................................
एसटीडी कोड.........................दूरभाष..............................
ई–मेल आईडी...
12. कौन से ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत में कार्य करना चाहते है ? ....

यह कि मैं जानता/जानती हूं कि पैरालीगल वालेन्टियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है, नौकरी नहीं है। मैं स्व–घोषित करता/करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेंरे विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और न ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है और न ही मैं किसी राजनीतिक दल से संबंधित हूं। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सही व सत्य है।

दिनांक ....

आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्नः–
1. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र
2. आधार कार्ड एवं पेनकार्ड की छायाप्रति
3. सामाजिक कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र
4. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्र
5. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ
6. अन्य प्रमाण–पत्र (..)

Scanned with CamScanner